महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 28.05.2024

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है।

जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 28.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 28.05.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को चौपाल/पुलिस की पाठशाला लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो/शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 28.05.2024 को शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा

इस दौरान महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) अभियान के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और विभिन्न परिस्थियों पर उनके सहायतार्थ जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 28.05.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की चुनाव प्रक्रिया के दृष्टिगत एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम व आबकारी टीम के द्वारा दिनांक 27.05.2024 को 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.अभिषेक पुत्र राजकुमार उम्र 20 वर्ष नि0 ग्राम लिलवाही थाना कबरई जनपद महोबा 2. बीर सिंह पुत्र कालीचरन उम्र 65 वर्ष नि0 ग्राम लिलवाही थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम लिलवाही थाना कबरई जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से क्रमशः (16-16) कुल 32 क्वार्टर अवैध देशी शराब ठेका नाजायज बरामद हुई, गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तो के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 155/2024 व 156/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.अभिषेक पुत्र राजकुमार उम्र 20 वर्ष 2.बीर सिंह पुत्र कालीचरन उम्र 65 वर्ष निवासीगण ग्राम लिलवाही थाना कबरई महोबा ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- 1. उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम मय आबकारी टीम

बरामदगी- कुल 32 क्वार्टर अवैध देशी शराब ।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 28.05.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत अग्निशमन टीम द्वारा स्ट्रांगरुम का फायर ऑडिट कर वहाँ लगे अग्निशमन उपकरण को चेक किया गया तथा जनपद के विभिन्न स्थलों में भ्रमण कर अग्निसुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना जनपद महोबा में आगामी 04 जून 2024 को होना सुनिश्चित है जिसके लिये मतगणना स्थल राजकीय पॉलीटेक्निक, महोबा में स्ट्रांगरुम बनाया गया है। ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 28.05.2024 को राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज महोबा में प्रभारी अग्निशमन श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा स्ट्रॉंगरूम का फायर ऑडिट किया गया है, इस दौरान वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया एवं अग्निशमन सुरक्षा में लगा फायर टेण्डर एवं मौजूद कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिये गये हैं।

इसी क्रम में ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत अग्नि से सम्बन्धित होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अग्निशमन टीम महोबा द्वारा जनपद में अवस्थित ज़िला महिला अस्पताल, लाइब्रेरी एवं होटल इत्यादि का अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।